Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 16-05-2006

Participants : Singh Shri Rakesh

an>

Title : Need to approve setting up of Readymade Garments Complex at Jabalpur, Madhya Pradesh.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) : महोदय, मध्य प्रदेश का प्रमुख शहर जबलपुर पूरे देश में रेडीमेड वस्त्र निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी है। यहां के निर्मित वस्त्रों की देश के सभी राज्यों में मांग है, यहां लगभग 400 वस्त्र निर्माण इकाइयां हैं, जिनसे लगभग 40,000 लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है।

महोदय, पूरी संभावनाओं के बाद भी यहां कई सालों से रेडीमेड गारमेंट काम्प्लेक्स की स्थापना की योजना लंबित है। इसकी स्थापना हेतु स्थानीय स्तर पर काफी प्रयास हो चुके हैं, स्थल का चयन हो चुका है। केन्द्र सरकार के उद्योग विभाग की ओर से कन्सलटेंट्स द्वारा यहां रेडीमेड गारमेंट काम्प्लैक्स की स्थापना का पता लगाने निरीक्षण भी किया गया है, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया है कि जबलपुर में इसकी स्थापना की पर्याप्त संभावनाएं हैं। इस काम्प्लैक्स की स्थापना लागत का 75 प्रतिशत व्यय केन्द्र सरकार द्वारा किया जाना है तथा शो राशि हेतु गारमेंट मेन्युफैक्चर्स एसोसिएशन ने 15 प्रतिशत अंशदान व 10 प्रतिशत हेतु मध्य प्रदेश शासन ने सहमति दी है। अब केन्द्र सरकार की स्वीकृति ही शो है जो एक साल से लंबित है। माननीय अध्यक्ष जी, जब क्षेत्र की वस्त्र निर्माण इकाइयां जबलपुर में औद्योगिक विकास का मार्ग प्रशस्त करने का तत्पर है। स्थानीय शासन भी अपने हिस्से की जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट रहा है तब ऐसे में केन्द्र से अपेक्षित सहयोग न मिलने के कारण इस भावी औद्योगिक क्षेत्र को हतोत्साहित होना पड़ रहा है।

माननीय अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि असीम संभावनाओं को देखते हुए शीघ्र ही रेडीमेड गारमेंट काम्प्लेक्स के लंबित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर इसकी स्थापना हेतु घोाणा करें।